संख्या-03/2018/क0नि0-4-1636/11-2017-300(65)/2017

प्रेषक,

अरविन्द कुमार,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कमिश्नर,
वाणिज्य कर,
उ0प्र0, लखनऊ।

कर एवं निबन्धन अनु0-4 **लखनऊ: दिनाँक 09 जनवरी, 2018**

विषय: वाणिज्य कर कार्यालय भवन, मंगल पाण्डे नगर, मेरठ में नई लिफ्ट लगाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-स0नि0-मेरठ-154(ए)भाग-1/लिफ्ट/2017-18/645/ वाणिज्य कर, दिनांक 26.10.2017 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वाणिज्य कर कार्यालय भवन, मेरठ में लिफ्ट लगाए जाने के लिए लिफ्ट वेल के निर्माण (सिविल कार्य) हेतु कार्यदायी संस्था अधिशासी अभियन्ता, विद्युत खण्ड, लोक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, मेरठ द्वारा प्रस्तुत आगणन धनराशि रू0-6.81 लाख (रूपया छः लाख इक्यासी हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

(i) आहरित धनराशि बैंक/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में जमा नहीं की जायेगी।

(ii) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक-03.08.2017 में वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में दी गयी व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(iii) निर्माण के समय कार्य की विशिष्टियाँ, मानक गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व कार्यदायी संस्था/आयुक्त, वाणिज्य कर का होगा।

(iv) प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिए है, उसी कार्य/मद पर व्यय किया जायेगा।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष-2017-18 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-89 के अंतर्गत लेखाशीर्षक-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-08-वाणिज्य कर कार्यालय भवनों में लिफ्ट की स्थापना-26-मशीनें और सज्जा/ उपकरण और संयत्र के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(अरविन्द कुमार)
अनु सचिव।

संख्या-03/2018/क0नि0-4-1636(1)/11-2017, तद्दिनांक:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय**,** उ0प्र0, इलाहबाद।

2- निदेशक, वित्तीय सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।

3- मुख्य कोषाधिकारी, मेरठ, उ0प्र0**।**

4- वित्त नियंत्रक/ज्वाइंट कमिश्नर (लेखा), वाणिज्य कर विभाग, वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।

5- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत खण्ड, लोक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, मेरठ, उ0प्र0।

6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9।

7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1।

8- गार्ड बुक **।**

आज्ञा से,

(अरविन्द कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।